>

Title: Need to set up industries in Sabarkantha Parliamentary Constituency, Gujarat for the development of the region.

श्री महेन्द्रसिंह पी. चौहाण (साबरकांठा): मेरा संसदीय क्षेत्र साबरकांठा कई दृष्टियों से अत्यंत पिछड़ा जिला है, जहां पर अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति बहुत संख्या में कृषि पर आधारित और जंगलों में रहती है और इस क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति समतल नहीं है, पहाड़ी एवं टीले के रूप में है, जिसके कारण लोगों को अपने खेतों को सिंचित करने में कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। यहां के लोगों को पर्याप्त सुविधायें नहीं हैं, सामाजिक दशा दयनीय है एवं उद्योगों का नामोनिशान नहीं है। हालांकि यहां पर औद्योगिकीकरण की काफी संभावनायें हैं, परंतु इस क्षेत्र के विकास के लिए केन्द्र स्तर पर कोई विचार आज तक नहीं हुआ है। मेरे संसदीय क्षेत्र के पिछड़ा होने के बावजूद पिछड़े क्षेत्रीय विकास फंड से कोई मदद नहीं मिल पा रही है।

सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि गुजरात के साबरकांठा जिले के पिछड़ेपन को दूर करने के लिए केन्द्र स्तर पर उद्योग लगाने की पहल की जाये और राज्य सरकार को पिछड़े क्षेत्रीय विकास फंड की मदद से यहां पर उद्योग लगाने में सहायता दी जाये, जिससे इस क्षेत्र के पिछड़ेपन को दूर किया जा सके।